कार्यालय, निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / सतर्कता / प्रभाग–ए / हडताल धरना / 2017 दिनांक 28.7.2017

समस्त उप निदेशक
माध्यमिक
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक प्रथम / द्वितीय
समस्त संस्था प्रधान
राउमावि / रामावि

विषयः– विद्यालयों में तालाबंदी के संबंध में ।
प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक शिविरा / माध्य / सतर्कता / प्रभाग–ए / हडताल धरना / 2017 दिनांक 6.7.17

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग में लेख है कि इस कार्यालय के उक्त पत्रांक द्वारा समस्त उपनिदेशक / जिला शिक्षा अधिकारी को पाबन्द किया गया था कि किसी भी विद्यालय में तालाबंदी की स्थिति नहीं हो इसके लिये वहां के संस्था प्रधान का सजग एवं समुदाय के लगातर सम्पर्क एवं विद्यालय के साथ समन्वय रखना आवश्यक होता है। अतः संस्था प्रधान का यह उत्तरदायित्व होगा कि तालाबंदी की स्थितियां उत्पन्न न हो। इस हेतु स्थितियों को पूर्व से भांप कर उसके निवारण के लिये आवश्यक उपाय करे एवं तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित करें । तालाबन्दी की स्थिति में राजकार्य मे बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए एफ.आई.आर.दर्ज करावें।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं उप निदेशक को भी निर्देशित किया गया था कि इस संबंध में अधीनस्थों से सतत् सम्पर्क में रहे एवं प्रभावी प्रबोधन करें। विद्यालयों में तालाबन्दी की स्थिति यथासंभव टाली जावे तथा तालाबंदी की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरन्त इसकी सूचना निदेशालय स्थित तालाबंदी कन्ट्रोल रूम को दूरभाष तथा मेल द्वारा दी जावे । तालाबंदी तुरन्त समाप्त कराने हेतु जिला तथा मण्डल स्तर के अधिकारी तत्काल कार्यवाही करें । लेकिन देखने में आ रहा है कि कतिपय विद्यालयों में तालाबंदी की सूचनाऐं प्राप्त नहीं होती है तथा मीडिया द्वारा ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही है जो कि गंभीर लापरवाही है

इस पत्र द्वारा आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि तालाबंदी प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा किसी प्रकार की लापरवाही होने पर आपकी जिम्मेदारी होगी ।

(नथमल डिडेल)
आईएएस
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. शासन सचिव, माध्यमिक राजस्थान, राजस्थान, जयपुर
2. विशिष्ट सहायक , शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर
3. स्टाफ आफिसर कार्यालय हाजा
4. कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को वेबसाईट पर अपलोड बाबत

सहायक निदेशक (सतर्कता)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com